Operetta2

Operetta2 अध्ययन क्या है?

Operetta2 मल्टीपल स्क्लेरोसिस (MS) के साथ जी रहे बच्चों और किशोरों के लिए एक शोध अध्ययन है। यह अध्ययन एक ऐसी दवा के अच्छे और बुरे प्रभावों पर नज़र डालेगा जो MS के साथ जी रहे बच्चों और किशोरों की मदद करने में शायद सक्षम हो सकती है।

कौन भाग लेगा?

- **MS** के साथ जी रहे **233** बच्चे और किशोर
- आयु **10-17** वर्ष

अगर मैं इस अध्ययन में शामिल हो जाऊँ तो क्या होगा?

अध्ययन चिकित्सक यह सुनिश्चित करने के लिए जाँच करेंगे कि अध्ययन आपके लिए सही हो।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप अध्ययन में भाग ले सकते हैं, आप इन कुछ परीक्षणों और कार्यविधियों से गुज़रेंगे:

- आपके शरीर के अंगों जैसे आपके सिर, आँखों, कानों और नाक की जाँच
- आपकी लंबाई और वज़न का मापन
- आपके तापमान का मापन
- यह मापना कि आपका हृदय कितनी तेज़ी से धड़क रहा है
- यह मापना कि आप कितनी तेज़ी से साँस लेते और छोड़ते हैं
- आपकी बाँह से आपके रक्तचाप का मापन
- अपनी बाँह से थोड़ा रक्त लेना
- मूत्र (पेशाब) के नमूने लेना
- आपके दिमाग़ का चित्र खींचने वाला MRI करना

QR कोड प्लेसहोल्डर



आप हर 3 माह में अध्ययन चिकित्सक के ऑफ़िस जाएँगे ताकि अध्ययन चिकित्सक कुछ परीक्षण और कार्यविधियाँ करके यह देख सकें कि आपके हाल-चाल कैसे हैं।

इस अध्ययन में आपको दो अध्ययन दवाएँ दी जाएँगी:

- एक "**असली**" (ओक्रेलिज़ुमैब या फिंगोलिमोड), और
- एक "**दिखावटी**" दवा जो असली जैसी दिखती है लेकिन उसमें सक्रिय दवा नहीं होती है, इसे प्लेसिबो कहते हैं

हर छह माह (वर्ष में दो बार) आप ओक्रेलिज़ुमैब **(ocrelizumab)** या प्लेसिबो की एक ख़ुराक लेने अध्ययन चिकित्सक के ऑफ़िस जाएँगे; इसे आपकी बाँह में धीरे-धीरे दिया जाएगा (इसे इन्फ़्यूज़न कहते हैं)।

आपको घर पर (गोली की तरह) रोज़ाना लेने के लिए फ़िंगोलिमोड (या प्लेसिबो) के कैप्सूल भी दिए जाएँगे।

मैं कब तक अध्ययन में रहूँगा/गी?

आप अध्ययन में कम-से-कम **2** वर्ष रहेंगे लेकिन शायद अधिक समय तक भी रह सकते हैं।

यदि आप अध्ययन में शामिल होते हैं और फिर अपनी सहभागिता रोकने का फ़ैसला लेना चाहते हैं, तो आप ऐसा कभी-भी और किसी भी कारण से कर सकते हैं!

अध्ययन से जुड़े मेरे सवालों का जवाब कौन दे सकता है?

यदि अध्ययन के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो अपने माता-पिता या देखभालकर्ता या अध्ययन चिकित्सक या नर्स से बात करें। वे आपके सभी सवालों का जवाब देंगे।

Operetta2 अध्ययन टीम की संपर्क जानकारी

नाम:

स्थान:

फोन नंबर: